74. Year 1978 C.E. Vikramsamvaat 2035 He lectured at the Malaviya Bhavan of the Banares Hindu University on Srimadbhagvad Gita and Srimadbhagvatam.

75. On October, November the same year he journeyed to Kanpur, Jhansi, Chhapra, Deoghar, Ranchi. Again on December the same yearhe went to Rai Baireley , Raipur etc places.

76. Year 1979 C.E. January February, (Vikramsamvaat 2035) He organized continuous chanting ceremony of Srimad Bhagwatamat places like Aobra, Mirzapur, Hazaribaagh, Rahdol, Vilaspur, Patna, Mungeretc.

77. In the Year 1979 C.E. (Vikramsamvaat 2035) on Shree Ram Navami, Swami Karpatriji was welcomed back to Varanasi on the happy occasion of the release ceremony of his work 'Vedarth Paarijaat'.

78. In the Year 1979 C.E. (Vikramsamvaat 2035) he was honored with the title of 'Vachaspati'.

79. In the year 1979 C.E. (Vikramsamvat 2035) Karpatri Ji Maharaj laid the foundation stone of Vishwavidyamandir under the aegis of Bharatiya Shiksha Parishad.

80. March 1979 C.E. (Vikramsamvaat 2035) he travelled to Giridih, Hazaribagh, Sasaram, Gopalgunj, Gorakhpur, Vrindavan. April 1979 C.E. (Vikramsamvaat 2036) he again traveled to Ghaziabad, Meerut, Vilaspur, Narsingpur, Amritsar, Fatehpur etc places.

81. May June 1979 C.E. (Vikramsamvaat 2036) he travelled to Katni (Madhyapradesh), Haridwar, Jabbalpur, Kabardha, Jamshedpur. Finally he reached Meerut "Dandi Ashram'; there he put his signature on a copy of the work 'Jagadgurugaurav' written in the memory of Swami Shree Krishnabodh Ashram Ji. He blessed the writer by giving the author a copy of the book signed by him.

82. On August 1979 C.E. (Vikramsamvaat 2036) he held the Chaturmasyavrat in Kashi and established the 'Vedantanusandhan Sansthan' in Kedarghat. The Shankaracharya Of Puri released Karpatri ji's voluminous book "Ramayan Mimamsa". His other book "Shreevidya Varivasya" was also published. During the holy occasion of Ganga-dasshehara he installed Ramkripeshwar Mahadev and founded Devpanchayatan temple in Varanasi. He also

inaugurated the 'Panchsati Samaroh' of the 'Pracharini Sabha'.

83. On September 1979 C.E. (Vikramsamvaat 2036) he lectured for one week in Ravatsar ,Rajasthan on the occasion of Yajnausthan there.

84. In the Year 1980 C.E. (Vikramsamvaat 2037) the second part of his book 'Vedarth Paarijaat' was released. The Hanuman Trust Kolkata awarded him with a cash prize of rupees five thousand for his work 'Ramayanmimamsa'.

85. From December 1979 C.E. to January 1980 C.E. (Vikramsamvaat 2036) Karpatri Ji spoke in favor of the candidates for the parliament contesting on the ticket of Ram Rajya Parishad in election meetings held in the following places Allahabad, Pratapgarh, Lucknow, Jaloun, Hamirpur, Vanda, Kanpur,Kalpi, Urai, Durg, Rajnadeigao, Delhi, Vikaner, Churu, Sirsa, Bhivani, Ara. He also organized Yajnanusthan at Sivaan (Bihar).

86. On 27.01.80 C.E. (Vikramsamvaat 2036) Karpatri Ji inaugurated the celebration of the organization of Swami Akhanadanand Saraswati.

87. On 05.02.1980 C.E. (Vikramsamvaat 2036) he inaugurated the centenary celebrations of Pandit Vijayanand Tripathi who was the first highest administrator of Dharmasangha in Varanasi.

88. On 08.02.1980 C.E. (Vikramsamvaat 2036) He graced the conference of Ram Rajya Parishad and gave a lecture there.

89. February 1980 C.E. (Vikramsamvaat 2036) he gave lectures at the Kalakankar Yajna. From 11.02.1980 C.E. (Vikramsamvaat 2036) to 14.02.1980 C.E. (Vikramsamvaat 2036) he traveled in many places of Bihar like Janakpur etc and gave lectures. On the Holy occasion of Shiva Ratri he laid the foundation stone of 'Kameshwar Singh Sanskrit University' in Darbhanga. Also he attended yajnas in Kanpur and Vrindavan and gave lectures there.

90. On March 1980 C.E. (Vikramsamvaat 2036) he was invited as the guest in chief at the 'Madan Mohan Malaviya Shikshan Sansthan's convocation ceremony where he also graced the occasion with his lecture. He observed Navratri in Siwan.

91. Year 1980 C.E. (Vikramsamvaat 2037) RamNavami he held a ceremonial worship of his favorite deity at the Laksman Killa in Ayodhya.

92. On March 1980 C.E. (Vikramsamvaat 2037) he lectured at the convention at "Sahasram Vihar'.

93. From 4th to 13th April 1980 C.E. (Vikramsamvaat 2037) he took his holybath at the 'Mahakumbh in Haridwar. There he organized satsangs and spread the message of Dharma. In spite of developing fever he continued with his usual routine of Sankranti snan, morning walk etc. He also inaugurated the new satsang bhavan "BhoomaNiketan" at Saptasarovar Haridwar.

94. On 20th April 1980 C.E. (Vikramsamvaat 2037) he performed 'Yajna' at Pali, Rajasthan. On 21st April of the same year he graced the occasion of the inauguration of the Satsang Bhavan at Byabar, Rajasthan.

95. On 22.04.1980 C.E. (Vikramsamvaat 2037) inaugurated Dharamsangh Samiti at Dharamsangh Delhi.

96. 23rd to 30th April Year 1980 C.E. (Vikramsamvaat 2037) he took a holy bath at the 'Poorna Kumbh in Ujjain.

97. From 10th May to 20th may 1980 C.E. (Vikramsamvaat 2037) he addressed the election meetings in favor of Ram Rajya Parishad candidates contesting for assembly seats (Vidhan Sabha) in places like Raipur, Allahabad, Pratapgarh, Sultanpur, and disseminated for the candidates of Ram Rajya Parishad.

98. On 6th June 1980 C.E. (Vikramsamvaat 2037) he gave lectures on the occasion of 'Ram Charit Manas Yajna' in Hazaribaagh Bihar.

99. In the third week of July 1980 C.E. (Vikramsamvaat 2037) he graced the occasion of the 36th All India Conference of Raam Rajya Parishad and Dharam Sangh training camp held at Govardhan Math Puri, Orissa. September 1980 Vikramsamvaat 2037 He attended the Statue installation ceremony at Shree Krishnabodh Dandi Ashram Meerut, there gave lectures for three days and distributed consecrated food amongst the devotees and blessed them. On this auspicious occasion Jagadguru Shankaracharya Swami Shree Swaroopananda Saraswati, Shree Swami Vishnu Ashram Ji, Shree Swami Nischalananda Saraswati ji, Shree Swami Chinmayananda Saraswati ji, Shree Atmachaitanya Brahmachari ji and a lot of other spiritual giants were present. This was the last public event he attended. After this Karpatri ji Maharaj returned back to Kashi.

100. On the Year 1981 C.E. (Vikramsamvaat 2038) He started a series of lectures on Raas Panchadhyayi at Kanpur Parade Ground. He fell ill and left the event on the fourth day. He was brought to Kashi by car in an unconscious state. He stayed in that state for almost 21 days. On the 22nd day he came back to consciousness and asked "where am I?" He was pleased to know that he was in Kashi.

101. On Sunday Chaturdashi 7.02.1982 C.E. (Vikramsamvaat 2038), he breathed his last after his routine bath while chanting the holy name of Shiva. He left his mortal form in his room at the 'Vedaant Anusandhan Kendra, Karpatri Dham, Kedar-khand Kashi. His body was given a water burial at the holy Kedarghat on the laps of Mother Ganga Varanasi.



"सनातन धर्म में फलचौर्य नहीं है।"
धर्म सम्राट करपात्रीजी महाराज



''श्रुति युक्ति और अनुभूति में सामंजस्य साध कर व्यवृत्ति सकल सिद्धि का मूल है।''

धर्म सम्राट करपात्रीजी महाराज

श्रीकरपात्रीजीवनी



वादतोषितविश्वेशं, धर्ममार्गप्रवर्तकम्।
वन्दे हरिहरानन्दं, करपात्रं जगद्गुरुम्।

संकलनकर्त्ता
श्री वेदान्ती स्वामी
करपात्री धाम, काशी

१. सन् १९०७ ई० (विक्रमाब्द १९६४) में श्रावण शुक्ल द्वितीया रविवार को जन्म।

सन् १९२६ ई० (विक्रमाब्द १९८३) में गृहत्याग, गंगा तट पर विचरण करते प्रयाग, वीरसिंहपुर (म०प्र०) पूज्य श्री स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती जी के चरणों में उपस्थित होकर संन्यास दीक्षा हेतु प्रार्थना, उनके द्वारा नरवर जाकर विद्याध्ययन का निर्देश, नैष्ठिक ब्रह्मचर्यव्रत लेकर पदाति हरनारायण से हरिहरचैतन्य बने तथा नरवर पहुँचकर तेरह मास में ही षड्दर्शनाचार्य स्वामी श्रीविश्वेश्वराश्रमजी से सम्पूर्ण विद्याएं प्राप्त की। तत्पश्चात् गंगातट एकान्त निवास पूर्वक कठोर तपस्या।

२. सन् १९२८ ई० (विक्रमाब्द १९८५) में तपस्या से विरत होकर गंगा तट पर चलते चलते ऋषिकेशहिमालय की गुफा में पहुँचकर ध्यानस्थ। घोर तपस्या निरत। आत्मसाक्षात्कार समाधि में हरिहरचैतन्य को संसार से विमुख होकर न भागने का तथा धर्मसंस्थापनार्थ प्रयास रत रहने का दैवी-निर्देश।

३. सन् १९३० ई० (विक्रमाब्द १९८७) में मात्र लंगोटी बांधे, अचला ओढ़े, मिट्टी की हांडी लिये पुनः पदाति परमहंस जी के रूप में नरवर पहुँचे। हाथ पर रख कर बिना पात्र के भोजन करने के कारण करपात्री नाम से सम्बोधित हुए परमहंस हरिहर चैतन्य। पुनः पूज्य श्रीब्रह्मानन्दजी सरस्वती के निकट प्रयाग पहुँच कर उनके दर्शन किये तथा काशी को प्रस्थान, वहाँ अध्ययन-अध्यापन पूर्वक तपस्यानिरत।

४.सन् १९३१-३२ ई० (विक्रमाब्द १९८९) में विद्यागुरु श्रीस्वामी विश्वेश्वराश्रम जी के विशेष आग्रह तथा श्रीब्रह्मानन्द सरस्वती जी के निर्देश पर उन्हीं से चौबीस वर्ष की आयु में काशी में दण्ड ग्रहण कर हरिहरानन्द सरस्वती कहलाये।

५.सन् १९३२ ई० (विक्रमाब्द १९८९) में हरिद्वार कुम्भ के अवसर पर हरिद्वार-ऋषिकेश में श्री पं० मदन मोहन मालवीयजी से शास्त्रार्थ विचार विनिमय।

६.सन् १९३२ ई० (विक्रमाब्द १९८९) में धर्म प्रचारार्थ सम्पूर्ण भारतवर्ष की पैदल यात्राएँ कर आचार्यों, विद्वानों एवं धर्म प्रेमियों से व्यापक सम्पर्क कर आध्यात्मिक चेतना जागरित की। ग्राम-ग्राम, नगर-नगर में धर्मानुष्ठान सम्पन्न कराये।

७.सन् १९३५ ई० (विक्रमाब्द १९९२) में बागपत (मेरठ) में यमुनातट की एक अमराई में श्री स्वामी कृष्णबोध आश्रम जी से प्रथम मिलन हुआ। दैवी आदेश पर एकान्त चर्चा हुई तदुपरान्त परतन्त्र भारत को भीषण दुर्दशा से उबारने एवं धर्मसंस्थापन के कार्य में परस्पर दोनों महात्माओं ने गम्भीरता पूर्वक निर्णय लिये और दोनों ने पैदल धर्मयात्राएँ प्रारम्भ कर दी।

८.सन् १९३८ ई० (विक्रमाब्द १९९५) में विद्यागुरु स्वामी श्रीविश्वेश्वराश्रमजी के महानिर्वाणोत्सव के अवसर पर सुप्रसिद्ध संत श्रीहरिहर बाबा जी द्वारा सार्वजनिक एवं सामूहिक रूप से प्रणव का उच्चारण- 'ॐ' सहित संकीर्तन कराने का शास्त्रीय आधार पर विरोध एवं 'संकीर्तन मीमांसा एवं वर्णाश्रममर्यादा' नामक प्रथम पुस्तक लिखकर तात्त्विक शास्त्रीय पक्ष उपस्थित किया।

९.सन् १९३९ ई० (विक्रमाब्द १९९६) में **कल्याण के वेदान्तांक** में शांकरभाष्य विषयक कुछ त्रुटि पूर्ण लेख प्रकाशित होने पर, स्वयं प्रेस में जाकर ध्यान आकर्षित कराया परन्तु उसका प्रतिवाद कल्याण में प्रकाशित न होने पर आपने 'शांकर सिद्धान्तों पर किये गये आक्षेपों का समाधान' नामक पुस्तक की रचना कर वस्तुस्थिति को विश्वविश्रुत विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत किया।

१०.सन् १९३९ ई० (विक्रमाब्द १९९६) में काशी में मासिक पत्र 'सन्मार्ग' का प्रकाशन प्रारम्भ कराया, तत्पश्चात् विचारपत्र साप्ताहिक 'सिद्धान्त' पाक्षिक सिद्धान्त, साप्ताहिक सन्मार्ग एवं दैनिक सन्मार्ग का प्रकाशन समय पर प्रारम्भ कराया।

११.सन् १९४० ई० विक्रम संवत् १९९७ में धर्म संघ की स्थापना। १६५ वर्ष से रिक्त उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठ बदरिकाश्रम पर दीक्षागुरु परम तपस्वी श्रीब्रह्मानन्द सरस्वती जी को अभिषिक्त कराया। 'समन्वयसाम्राज्य संरक्षण' ग्रन्थ रचना।

१२.सन् १९४० ई० संवत् १९९७ वि० में महामहोपाध्याय पं० श्रीहरिहर कृपालु जी से शास्त्रार्थ की चुनौती।

१३.सन् १९४० ई० संवत् १९९७ वि० में 'श्रीभगवतत्त्व' नामक विशद ग्रन्थ की रचना की। धर्मयात्राएँ।

१४.सन् १९४२ (विक्रमाब्द १९९८) माघ कृष्ण १३, १४, ३० (त्रयोदशी, चतुर्दशी, अमावस्या) तक प्रयाग राज में धर्म-संघ महाधिवेशन सम्पन्न कराया, धर्मसंघ का विधान स्वीकृत कराया तथा अखिल भारतीय, प्रान्तीय, समितियों का गठन कर पदाधिकारियों की नियुक्तियाँ करके संकल्प एवं कार्यक्रम निर्धारित किये तत्पश्चात् काशी यात्रा फिर व्यापक धर्म यात्राएँ करते हुए विशेष आराधनारत।

१५.सन् १९४० ई० (संवत् विक्रमाब्द १९९७) में राजस्थान, पंजाब, पश्चिमोत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश की व्यापक धर्मयात्राएँ पैदल सम्पन्न कर सर्वत्र वैदिक सनातन धर्मानुयायियों में जागृति उत्पन्न करते हुए सुप्त वैदिक शाखाओं के विद्वानों से सम्पर्क स्थापित कर घर-घर में धर्मानुष्ठानों की धूम मचाते हुए विश्वनाथ की नगरी काशी में पुनः पधारे।

१६.सन् १९४०-४१ ई० (विक्रमाब्द १९९७-९८) में काशी से गंगासागर की यात्रा प्रारम्भ कर गाजीपुर, गहमर, पटना होते हुए कलकत्ता पहुँचे तथा गंगासागर में आराधना। पुनः कलकत्ता आकर वर्णाश्रम स्वराज्य संघ महाधिवेशन में प्रवचन, धर्मसंघ संकल्पानुसार शतचण्डी अनुष्ठान सम्पन्न कर नवद्वीप पधारे वहाँ भजनाश्रम बङ्गबिबुध जननी सभा में उपदेश, धर्मसंघ शाखा स्थापना कर भागलपुर-वैद्यनाथधाम में शाखा स्थापन प्रवचन कर पटना, दानापुर, छपरा, बलिया, आजमगढ़, गोरखपुर आदि में व्यापक धर्मयात्राएँ सम्पन्न की।

१७.छपरा टाउनहाल में प्रवचन, कटरा में प्रवचन, शाखा स्थापना बलिया में श्रीपालपुर चांदपुर (दुआव) में प्रवचन जौनपुर तियरा में शाखा स्थापना।

१८.आजमगढ़ में ज्येष्ठ कृष्ण १० से ज्येष्ठ शु० २ तक निवास, प्रवचन, चन्देसर, सालेपुर, उमरहुआ कुटी, मण्डनपुर ब्रह्मचर्याश्रम, मीरपुर, कुर्थी, धरवरिया साथ होकर सोमवती अमावस्या को प्रातः कोपागंज पहुँच गये। फिर मऊ-संगतघाट, मठियाघाट में शिवाराधन किया। वहाँ शोभा यात्रा के उपरान्त, प्रवचन धर्मसंघ शाखा स्थापित कर वनदेवी के मार्ग से काशी की ओर प्रस्थान जहाँ आषाढ़ १९९८ वि० सन् १९४१ में पहुँच कर माता अन्नपूर्णा एवं बाबा विश्वनाथ की आराधना कर विश्राम किया।

१९.सन् १९४२ ई० संवत् १९९९ वि० में चैत्र शुक्ल ६, ७, ८, ९, में बरेली में धर्मोपदेश दशमी को धर्मसंघ विशेषाधिवेशन कर हरिद्वार पदाति प्रस्थान।

ऋषिकेश में एक मास निवास।

२०.सन् १९४२ वि० संवत् १९९९ ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया तदनुसार १७ मई को ऋषिकेश से वृन्दावन के लिये पैदल यात्रारम्भ। धर्मसंघ के अधिवेशन देहरादून, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड़,पिलखुवा आदि सभी स्थानों पर सम्पन्न कराये। इस यात्रा में स्वामी श्री कृष्णबोधश्रम जी भी पैदल साथ-साथ रहे। दोनों महान् विभूतियों ने दिल्ली के निकटस्थ गंगा-यमुना के मध्य स्थित ग्राम-ग्राम एवं नगर नगर में पैदल जाकर धर्मसंघ का डंका बजाते हुए जन जागरण किया। इस प्रकार युगल विभूति परतन्त्र भारत की राजधानी धर्मराज युधिष्ठिर की नगरी इन्द्रप्रस्थ दिल्ली पहुँच गये। कम्पनी बाग दिल्ली में धर्मसंघ का महाधिवेशन सम्पन्न कराया। पुनः धर्म यात्राएँ।

२१.अप्रैल, १९४३ ई० (विक्रमाब्द २०००) में लाहौर पहुँचे धर्मसंघ का चारदिवसीय महाधिवेशन, शाखा स्थापन, पाकिस्तान विरोध, २१ दिन तक निवास कर व्यापक जनसम्पर्क धार्मिक जागृति।

२२.४ मई १९४३ ई० (विक्रमाब्द २०००) में अमृतसर में पंजाब प्रान्तीय धर्मसंघ महाधिवेशन कर पंजाब प्रान्तीय धर्मसंघ विद्वन्मण्डल की स्थापना। दुर्ग्याणा मन्दिर में परशुराम जयन्ती महोत्सव की अध्यक्षता, फिर गुजरावाला, बदो की गुसाइयाँ होते २४ मई १९४३ ई० (विक्रमाब्द २०००) को रावलपिण्डी के लिये पैदल प्रस्थान, मार्ग में बजीरावाद-रावलपिण्डी की यात्रा में उपलवृष्टि, शीत से प्रभावित, नजला जुकाम से ग्रस्त, एक लंगोटी और एक पाँच हाथ का अचला और नंगे पैर पैदल ज्वरग्रस्त होने पर भी धर्मयात्रा जारी। धर्मसंघ शाखा स्थापना पूर्वक काश्मीर की ओर बाबा अमरनाथ के अभिषेक हेतु प्रस्थान।

२३.हरिपुर, हवेलियाँ, आष्टाबाद (हजारा)। भयंकर रूप से रुग्ण होने पर भी यात्रा जारी, सीमाप्रान्त (फ्रन्टियर) में धर्मसंघ का ध्वज फहराया, शाखा स्थापित कर वहाँ के हिन्दुओं की दुर्दशा पर साहसिक उद्बोधन पूर्वक उन्हें विशेष सावधान रहते हुए संगठित होकर आत्म-विश्वास पूर्वक, धर्मग्रन्थों के पठन-पाठन धर्मानुष्ठान, भगवदाराधन खान-पान शुद्धि करने पर बल देते हुए गुरुमन्त्र दिये।

२४.बूरेवाला (मुल्तान), 'मानसेरा', मुजफ्फराबाद (काश्मीर) की ओर अत्यन्त रुग्णावस्था में भी पदाति यात्रा करते हुए बारामूला पहुँच गये। धर्मसंघ शाखा स्थापित की। सन् १९४३ ई० श्रावण शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा (संवत्

२०००) विक्रमी में धर्मसम्राट ३० मील पैदल चलकर 'पहलगाँव', 'चन्दनवाडी', 'शेषनाग', पंचतरणि होते हुए पूर्णिमा को गुहा स्थित 'भगवान् अमरनाथ' जी के दर्शन किये, वैदिक विद्वानों द्वारा पूर्ण विधिविधान पूर्वक 'धर्मसंघ' के संकल्प से श्री गणेश, भगवतीदुर्गा एवं बाबा अमरनाथ जी के हिमनिर्मित विग्रहों का षोडशोपचार पूर्वक अभिषेक किया गया। दण्डपाणि करपात्री जी एवं सभी पण्डितवर्ग नंगे पैर थे। स्वामी जी ने एक लंगोटी एक अचला पहिने रक्त को जमा देने वाली उस गुफा में भगवान् अमरनाथ जी को नमन कर धर्म के जयकारों से गुफा को गुंजारित कर दिया।

२५.जुलाई १९४३ (विक्रमाब्द २०००) में श्रीनगर (दुर्गानाग) काश्मीर में धर्मसंघ शाखा का प्रथमाधिवेशन सम्पन्न। उसमें काश्मीरी विद्वानों को उद्बोधन कर, 'कुण्ड' (अनन्तनाग), 'मटन' (मार्तण्ड) इत्यादि स्थानों की यात्रा करते 'जम्मू' पहुँचे। जहाँ भाद्र शुक्ल ११ संवत् २००० वि० से जम्मू में धर्मसंघ का महाधिवेशन, धर्मसंघ विद्यालय की स्थापना करते हुए स्वामी जी ने जम्मू में ही चातुर्मास्यव्रत सम्पन्न किया।

२६ जम्मू से पूर्णिमा को पैदल प्रस्थान कर शैलकोट (स्यालकोट), गुजरांवाला, की यात्रा करते पुनः लाहौर पहुँचे वहाँ आश्विन कृष्ण १३ से अमावस्या ३० सन् १९४३ ई० (वि०सं० २०००) तक स्वामी जी के तत्वावधान में धर्मसंघ का विशेषाधिवेशन सम्पन्न।

२७.आश्विन शु० १ से ३ तक (२००० वि० सन् १९४३ ई०) में 'अमृतसर' में धर्मसंघ महाधिवेशन को आशीर्वाद प्रदान कर होशियारपुर, फिर तीव्र ज्वर में भी १४ मील चलकर आमदपुर, अगले दिन जबलपुर, फिर फगवाड़ा, कपूरथला-स्टेट इत्यादि में धर्मसंघ शाखा स्थापित की शारदा संस्कृत विद्यालय, पटियाला में प्रवचन, शाखा स्थापना कर अम्बाला छावनी पहुँचे, प्रवचन किया तथा सहारनपुर के लिये पैदल प्रस्थान।

२८.सन् १९४३ ई० कार्तिक शुक्ल ८ से १५ (सं० २०००) तक सम्पूर्ण भारत में अ०भा० धर्मसंघ के तत्वाधान में 'धर्मसंघ सप्ताह' मनाये जाने का स्वामी जी ने निर्देश दिया। धर्मसंघ के संकल्पानुसार प्रार्थनाएँ, अनुष्ठान, जप, पाठ, पूजन, नाम संकीर्तन, प्रभातफेरियाँ, जनसभाएँ कर 'अप्रदत्त उत्तराधिकार तथा विवाहबिल सम्बन्धी सरकारी नीति का विरोध, प्रस्ताव, पत्र तार भेजने एवं प्रतिनिधिमण्डल सरकार से मिलने का आदेश।

२९.सन् १९४३ ई० (विक्रमाब्द २०००) में मेरठ से प्रारम्भ कर सोनीपत, गढ़मुक्तेश्वर, दिल्ली, उन्नाव, कानपुर, प्रयाग, काशी, उदयपुर, बीकानेर, लखनऊ, बम्बई, ढेबवा (बिहार), कलकत्ता, अमृतसर, अकोला, वृन्दावन, आदि स्थानों पर अनेक महायज्ञों द्वारा भगवदाराधन।

३०.सहारनपुर से ऋषिकेश पहुँचे जहाँ मेरठ से यज्ञानुष्ठान कर श्री स्वामी कृष्णबोधाश्रम जी के साथ शतमुख कोटि होमात्मक महायज्ञ दिल्ली में आयोजन विषयक गम्भीर विचार-विमर्श। दैवी आदेश को मूर्त्तरुपप्रदानार्थ दोनों की पैदल यात्राएँ प्रारम्भ। विद्वत् सम्पर्क, जनसम्पर्क की भावना से व्यापक धर्मयात्राएँ करते मुजफ्फरनगर, शामली, बड़ौत, बागपत, मेरठ इत्यादि स्थानों की यात्रा करते दोनों महापुरुष मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्थी वि०सं० २००० (सन् १९४३ ई०) को सोनीपत पहुँचे, तीन दिवसीय धर्मसंघ महाधिवेशन एवं श्री रुद्रमहायज्ञानुष्ठान सम्पन्न।

३१.३०.०१.१९४४ ई० से ०९.०२.१९४४ ई० (माघ पूर्णिमा-वसन्तपंचमी से माघशुक्ल पूर्णिमा संवत् २००० विक्रमी) तक राजधानी दिल्ली में 'शतमुखकोटि होमात्मक महायज्ञ', 'अ०भा० धर्मसंघ का तृतीय महाधिवेशन, सर्ववैदिक शाखा सम्मेलन, संस्कृत-साहित्य सम्मेलन', गोरक्षा सम्मेलन, धार्मिक पत्रकार सम्मेलन, साधु सम्मेलन का भव्य आयोजन। धर्मराज युधिष्ठिर के राजसूययज्ञोपरान्त अनुष्ठित इस शतकुण्डीय महायज्ञ के द्वारा भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक अन्तरात्मा एवं शक्ति को उद्बुद्ध कर देवताओं से सम्पर्क स्थापित कर, राष्ट्रस्वातन्त्र एवं विश्वशान्ति हेतु अद्भुत प्रयास किये।

३२.२ अप्रैल १९४४ से ८ अप्रैल १९४४ (चैत्र शुक्ल ९, रविवार संवत् २००१ वि० से चैत्र शुक्ल पूर्णिमा) तक कानपुर में सरसइयाघाट के सामने श्रीगंगा जी के उत्तरी तट पर उन्नाव जनपद की पावन भूमि में 'शतमुख कोटिहोमात्मक महायज्ञ', अ०भा० धर्मसंघ विशेषाधिवेशन, विद्वत् सम्मेलन, सर्ववैदिकशाखा सम्मेलन, अष्टादश पुराण पारायण, सहस्रचण्डीपाठ आदि सम्पन्न कर काशी पैदल यात्रा प्रारम्भ।

३३.विश्वनाथ की नगरी काशी से पैदल यात्रा प्रारम्भ कर २-१/२ वर्षों तक नगर नगर, ग्राम-ग्राम धर्मानुष्ठानों की अटूट श्रृंखला, शाखा स्थापन पूर्वक धर्मसंघ के संकल्पानुसार, जप, पाठ, हवन, कीर्त्तन आदि के साथ अप्रदत्त

उत्तराधिकार एवं विवाह बिल आदि के विरोध में सभाएँ तार-प्रस्ताव प्रतिनिधि मण्डल भेजने का कार्य सम्पन्न कराके श्री करपात्री जी वैशाख कृष्ण ९ २००१ वि० को अप्रैल १९४४ ई० में काशी पहुँचे।

३४.मई/जून १९४४ ई० ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी २००१ वि० को काशी गंगातट पर स्थित भगवान् केदारेश्वर जी के मन्दिर में काशी के सहस्रों वैदिक ब्राह्मणों ने गो दुग्ध से अखण्ड दुग्धाभिषेक किया। स्वामी जी ने स्वयं अभिषेक में उपस्थित होकर कहा कि- ''स्वयं बलवान होने या बलवान से सन्धि करने से ही स्वतंत्रता प्राप्त या उसकी रक्षा हो सकती है- ऐसा न होने पर 'तप' करना ही बस शेष रह जाता है।'' अतः स्वधर्मपालन, पापपरिवर्जन, भगवत्प्रार्थना से संगठन में सुविधा हो सकती है, सच्ची लगन से व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से सुविधानुसार आस्तिकों को निष्ठापूर्वक जप, अनुष्ठान, देवाराधन में लग जाना चाहिये। साथ ही हिन्दूकोड विरोधी दिवस मनाना चाहिये।''

३५.पूज्य स्वामी करपात्री जी के निर्देशानुसार जून/जुलाई/अगस्त/सितम्बर १९४४ ई० (विक्रमाब्द २०००) में सर्व० अनुष्ठानों की धूम मच गयी। लाखों व्यक्ति अपने इष्टदेव से धर्म की जय एवं अधर्म के नाश हेतु प्रार्थना में लग गये। सम्पूर्ण राष्ट्र में प्रभु से स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु प्रार्थनाएँ होने लगी। काशी नगरी में तो शायद एक भी मंदिर ऐसा नहीं रहा जहाँ अनुष्ठान सम्पन्न न हुआ हो। स्वामी जी के निर्देशन में दुग्धाभिषेक की परम्परा काशी भर के शिवालयों में विधिविधान पूर्वक सम्पन्न जिनमें भगवान् केदारेश्वर, धर्मेश्वर, गभस्तीश्वर, अमरेश्वर, आत्मवीरेश्वर, उपशान्तेश्वर, संगमेश्वर, नृसिंहेश्वर, अत्रीश्वर, त्रिलोचनेश्वर, नागेश्वर, मनकामेश्वर, मृत्युञ्जय महादेव, ओंकारेश्वर, कालेश्वर, वृद्धकालेश्वर, संकटेश्वर, वशिष्ठ वामदेवेश्वर, विघ्नेश्वर, धनधान्येश्वर, गुरुबृहस्पतिश्वर, चन्द्रशेखर महादेव, मणिकर्णिकेश्वर, कपिलेश्वर, पशुपतीश्वर महादेव व अन्नपूर्णा जी, गणेश जी, ब्रह्मचारिणी-दुर्गाघाट, विशालाक्षी, संकटहारिणी पीताम्बरादेवी, सिद्धेश्वरीदेवी, विन्ध्यवासिनीदेवी आदि प्रमुख मंदिर रहे।

३६.२९.१०.१९४४ ई० से ०७.११.१९४४ (कार्तिक शुक्ल १३, रविवार सं० २००१ विक्रमी) से मार्गशीर्ष कृष्ण, ७ मंगलवार २००१ तक काशी में 'सार्द्धद्वय कोटिहोमात्मक एक विंशत्युत्तर शतमुख-सर्ववैदिक शास्त्रीय रुद्र महायज्ञ' सम्पन्न जिसमें २,५०,००० आहुतियाँ १०० कुण्डों में धर्म

संस्थापनार्थ के संकल्प से स्वामी जी ने अनुष्ठित कराया। जिसमें विश्वभर में उपलब्ध वैदिक-शाखाओं के पण्डितों ने भाग लिया।

३७.स्वतंत्र-संस्कृत शिक्षणपद्धति का अनुसरण करते हुए- शिक्षा को शासन के शिकंजे से मुक्त रखने की भावना से आपने श्री धर्मसंघ शिक्षा मण्डल काशी की स्थापना की जिसके अन्तर्गत- काशी, बिठूर, चूरू, मुजफ्फरपुर, वृन्दावन, बिहार, दिल्ली, अमृतसर, विदिशा इत्यादि स्थानों पर संस्कृत विद्यालय चल रहे हैं।

३८. ३ सितम्बर १९४५ ई० (विक्रमाब्द २००२) को शासन में सनातनी प्रतिनिधि भेजने के विचार से सनातनी दल की स्थापना की, साथ ही कार्य को गति प्रदान करने हेतु नवयुवकों को संगठित कर धर्मवीर दल की स्थापना की। महिला संघ की स्थापना की।

३९.सन् १९४६ ई० (विक्रमाब्द २००३) में बंगाल में हिन्दुओं का सामूहिक वध किया गया, भयंकर विनाशलीला एवं धर्म परिवर्तन देख कर स्वामी जी सीधे बंगाल पहुँचे और नोआखाली आदि स्थानों पर जा जाकर त्रस्त हिन्दुओं को सान्त्वना दी और घोषणा की कि जो भी संकीर्त्तन कर श्री राम का उच्चारण कर ले वह विशुद्ध हिन्दू ही है- इस प्रकार बलात् धर्म परिवर्तन नहीं होगा स्वामी जी ने मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी के द्वारा सहायता करायी और दो हजार उजड़े हिन्दू परिवारों को पुनः बसाया।

४०.१९/०१/१९४७ ई० (विक्रमाब्द २००३) को धर्मयुद्ध सत्याग्रह की घोषणा। भारत अखण्ड रहे, गोहत्या बन्द हो, इत्यादि पाँच मांगों के साथ बम्बई में धर्मयुद्ध का श्रीगणेश। जेल यात्राएँ। २८/०४/४७ (विक्रमाब्द २००४) को गिरफ्तार, अगस्त सन् १९४७ (विक्रमाब्द २००४) में पुनः गिरफ्तार छह मास का कारावास। तत्पश्चात् मथुरा, बम्बई में सत्याग्रह। दिल्ली में गिरफ्तारी दी, तिहाड़ जेल में भजनोपदेश करते हुए स्वामी जी पर लोहे के सरियों से नम्बरी कैदियों द्वारा भयंकर प्रहार, मूर्छा, नेत्र ज्योति प्रभावित। शरीर में सिर, नेत्र, हाथों पर भयंकर चोटें आयी।

४१.जनवरी १९४८ ई० (विक्रमाब्द २००४) में गांधी जी का निधन। ३०.०१.४८ (विक्रमाब्द २००४) को स्वामी जी को काशी में भजन करते हुए पकड़कर जन सुरक्षा कानून के अन्तर्गत जेल में डाल दिया। जहाँ देववाणी में मार्क्सवाद और रामराज्य नामक ग्रन्थ का प्रणयन किया। पुनः सम्पूर्ण भारतवर्ष

की धर्मयात्राएँ गोवध बन्दी एवं हिन्दू कोडबिल के विरोध में सम्पन्न की। उस समय इन यात्राओं में एवं कोड विरोध में स्वामी जी के इस धर्म कार्य में लगभग दो करोड़ रुपया हिन्दुओं का व्यय हुआ।

४२.२३.०८.१९४९ ई० (विक्रमाब्द २००६) को सरसंघचालक श्री माधव सदाशिवराव गोलवलकर जी ने दिल्ली-धर्मसंघ विद्यालय जाकर स्वामी श्री करपात्री जी से उनकी फूँस की झोपड़ी में भेंट की, विचार-विमर्श किया। प्रसाद ग्रहण कर नमन किया। इसी वर्ष स्वामी जी की अगली पुस्तक 'संघर्ष और शान्ति' का प्रकाशन हुआ।

४३. हिन्दू कोडबिल प्रमाण की कसौटी पर' नामक ग्रन्थ की रचना कर शासन द्वारा प्रकाशित 'हिन्दू-कोडबिल' की धारावार समीक्षा हानि-लाभ औचित्य-अनौचित्य विषयक शास्त्रीय भारतीय परिप्रेक्ष्य में मौलिक समालोचना प्रस्तुत की।

४४.१९४९-५० (विक्रमाब्द २००६-०७) में सम्पूर्ण भारतवर्ष की धर्मयात्राएँ धर्मसंघ एवं रामराज्य परिषद् का संगठन कार्य, व्यापक प्रचार-प्रसार सभाएँ, जनजागरण, शासन को तार-प्रस्ताव, पत्र सम्प्रेषण, तथा धर्मयुद्ध हेतु प्रेरणा।

४५.सन् १९५१ ई० (विक्रमाब्द २००८) के चुनावों में सम्पूर्ण भारतवर्ष में रामराज्य परिषद के टिकट पर लगभग ३०० प्रत्याशी खड़े किये, राजनीति को धर्मसापेक्ष, पक्षपातविहीन बनाने पर बल, मध्य भारत, राजस्थान की विधान सभा में पचास-साठ प्रत्याशी रामराज्य परिषद के टिकट पर विजयी तथा लोकसभा में चार-पाँच प्रत्याशी रा०रा०प० के टिकट पर या समर्थन पर विजयी।

४६.सन् १९५३ ई० (विक्रमाब्द २०१०) में करपात्रीजी के दीक्षागुरु ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री ब्रह्मानन्द सरस्वतीजी का ब्रह्मनिर्वाण तथा उनके स्थान पर ज्योतिष्पीठ उत्तराम्नाय बदरिकाश्रम पर धर्मसम्राट द्वारा अनन्त श्री विभूषित श्री स्वामी कृष्णबोधाश्रम जी महाराज को अभिषिक्त कराया गया।

४७.सन् १९५४-५५ ई० (विक्रमाब्द २०११-१२) 'अहिंसात्मक धर्मयुद्ध समिति' का गठन। कलकत्ता, बम्बई, अहमदाबाद, दिल्ली में धर्मवीरों द्वारा विराट प्रदर्शन। स्वामी जी के आवाहन पर देशभर में साठ हजार धर्मवीरों द्वारा

जेलयात्राएँ।

४८.सन् १९५६ ई० (विक्रमाब्द २०१३) में काशी में विश्व प्रसिद्ध रूसी विद्वान श्री वारान्निकोव से धर्मसंघ शिक्षा मण्डल काशी में वार्ता। साम्यवाद की अपूर्णता विषयक स्वामी जी के तर्कों पर प्रोफेसर निरुत्तर, मास्को जाकर उत्तर भेजने का आश्वासन, परन्तु साम्यवाद में श्रम आधारित मूल्य एवं उसके विनियम सम्बन्धी सैद्धान्तिक शंका प्रश्न का उत्तर आज तक नहीं मिला। स्वामी जी का कथन है कि साम्यवाद में उत्तर है ही नहीं।

४९.जून-जुलाई सन् १९५७ ई० (विक्रमाब्द २०१४) में पंजाब में हिन्दी आन्दोलन में डेढ़ मास में सहस्रों सत्याग्रही गिरफ्तार, १० जुलाई सन् १९५७ (विक्रमाब्द २०१५) को केन्द्रीय हिन्दी रक्षा परिषद् के सर्वाधिकारी स्वामी श्री करपात्री जी ने चण्डीगढ़ सचिवालय के समक्ष ३०१ सत्याग्रहियों के साथ सत्याग्रह किया। ९५००० प्रदर्शनकारी उपस्थित, पुलिस द्वारा पिटाई, गिरफ्तारी। अ०भा० रामराज्य परिषद् के अध्यक्ष स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती के कपड़े फाड़े गये पैर में चोट। अ०भा० धर्मसंघ के कार्याध्यक्ष श्री परमानन्द सरस्वती भी गिरफ्तार।

५०.सन् १९५७ ई० (विक्रमाब्द २०१४) श्रावण-भाद्रपद में कानपुर में चातुर्मास्य। मध्य प्रदेश शासन द्वारा मंदिरों आदि को दिये जाने वाली सहायता बन्दी पर स्वामी जी द्वारा प्रबल विरोध व्यक्त। रोहतक के दुर्गा मंदिर एवं चण्डीगढ़ के आर्य समाज मंदिर में पंजाब पुलिस द्वारा की गयी मर्यादा भंग की स्वामी जी द्वारा तीव्र निन्दा। फिरोजपुर जेल में अनशनकारी महात्मा श्री स्वामी परमानन्द सरस्वती एवं सत्याग्रहियों पर किये गये लाठी प्रहार की घोर भर्त्सना एवं धर्मयात्राएँ।

५१.फरवरी १९५७ ई० (विक्रमाब्द २०१४) में पुनः स्वतंत्र भारत के द्वितीय चुनाव में रामराज्य परिषद् की ओर से प्रत्याशी खड़े कर उनके क्षेत्रों में व्यापक प्रचार यात्राएँ, सभाएँ सम्पन्न की।

५२.०२.११.५७ (विक्रमाब्द २०१४) से १०.११.५७ (विक्रमाब्द २०१४) तक नवम्बर सन् १९५७ में सम्पूर्ण भारतवर्ष में उपलब्ध वेद-शाखाओं के विद्वानों को आमंत्रित कर- 'सर्ववैदिक शाखा सम्मेलन' आयोजित किया। कानपुर में आयोजित इस सम्मेलन में देश भर के विद्वान् ही नहीं अपितु एशियाई, यूरोपियन एवं अमेरिकन विद्वानों को भी आमंत्रित किया। डॉ०

सम्पूर्णानन्द जी भी पधारे। स्वामी जी ने वैदिक सिद्धान्तों का निरूपण कर सभी को चकित कर दिया। ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरुशंकराचार्य श्री स्वामी कृष्णबोधाश्रम की अध्यक्षता में सम्पन्न इस सम्मेलन में स्वामी जी ने वैदिक संस्कृति के शुद्ध स्वरूप को विश्व के समक्ष उपस्थित कर अनुपम कार्य किया।

५३.१५.१२.१९५७ ई० (विक्रमाब्द २०१४) को पुलिस के बल पर जंगलाताला तोड़कर जूतों सहित बाबा विश्वनाथ के मंदिर में प्रवेश कर काशी विश्वनाथ मंदिर की मर्यादा भंग की गयी। करपात्री जी ने विनम्र सत्याग्रह कर शास्त्रीय पक्ष रखा, परन्तु उनके शरीर पर चढ़कर व लांघकर बलात् मर्यादा भंग की। स्वामी जी गिरफ्तार कर लिये गये।

५४.१५.१२.१९५८ ई० (विक्रमाब्द २०१५) को मीरघाट पर नये काशी विश्वनाथ की पूर्ण वैदिक विधि विधान पूर्वक प्रतिष्ठा सम्पन्न करायी।

५५.सन् १९५८ ई० (विक्रमाब्द २०१५) में ही 'मार्क्सवाद और राजराज्य' नामक ग्रन्थ का प्रणयन पूर्ण एवं प्रकाशन।

५६.सन् १९५९ (विक्रमाब्द २०१५) से १९६० (विक्रमाब्द २०१७) में 'वेद का स्वरूप और प्रामाण्य' के प्रथम एवं द्वितीय खण्डों की रचना।

५७.सन् १९६१ ई० (विक्रमाब्द २०१८) में वेद प्रामाण्य मीमांसा नामक ग्रन्थ की रचना।

५८.सन् १९६२ ई० (विक्रमाब्द २०१९) में 'अहमर्थ और परमार्थ सार' ग्रन्थ रचना सन् १९६२ ई० (विक्रमाब्द २०१९) में हरिद्वार सम्मेलन। धर्मयात्राएँ।

५९.१८.१०.६२ ई० (विक्रमाब्द २०१९) को अकेला मध्यप्रदेश से चलकर बम्बई बधशाला बन्द कराने हेतु पूर्ण रूप से शान्त-अहिंसात्मक-माखन मिश्री लेकर यात्रा कर धर्मवीरों के साथ २३.१२.६२ ई० (विक्रमाब्द २०१९) को बम्बई पहुँचे। सभाएँ कर शासन से बूचड़खानों को बन्द कराने की मांगकर, प्रतिनिधि मण्डल ने सरकार से मांग करते हुए भारतभर से प्रस्ताव, तार एवं जन-हस्ताक्षर भिजवाये। व्यापक प्रचार यात्राएँ।

६०.१९६४ ई० (विक्रमाब्द २०२१) मेरठ में अ०भा० धर्मसंघ राम राज्य परिषद के महासम्मेलन, महायज्ञानुष्ठान। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री गुलजारी लाल नन्दा ने स्वयं आकर श्री स्वामी करपात्री से भेंट कर गोहत्या बन्दी पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर ज्योतिष्पीठ, द्वारकापीठ एवं गोवर्धनपीठ

के तीनों जगद्गुरु शंकराचार्य भी उपस्थित थे, प्रधानमंत्री ने शीघ्र गोवध बन्दी का आश्वासन दिया।

६१.उ०प्र० शासन द्वारा 'भक्ति रसार्णव' ग्रन्थ पर श्री करपात्री जी को पाँच सहस्र की राशि प्रदान कर सम्मानित किया जिसे उन्होंने एक पण्डित को दिलवा दिया।

६२.सन् १९६५ ई० (विक्रमाब्द २०२२) में हरिद्वार में गोघाट पर श्री भण्डार कोटिमठाधीश्वर श्रीमन्मध्वाचार्य-सम्प्रदायाचार्य श्री विद्यमान्य तीर्थ से शास्त्रार्थ में विजय।

६३.०७.११.१९६६ को दिल्ली में अ०भा० गोरक्षा महाभियान समिति द्वारा आयोजित विराट् प्रदर्शन का नेतृत्व। दस लाख गो भक्तों का गो-कुम्भ। मंचस्थ जगद्गुरु श्री करपात्री जी आदि पर सरकार द्वारा गोले बरसाये गये, माइक के तार काटे, लाठी चार्ज। गिरफ्तारी जेल में सभा में कीर्तन करते हुए निहत्थे लोगों पर लाठी आदि से हमला, यातनाएँ, निर्ममता पूर्वक पिटायी।

६४.सन् १९६९ ई० (विक्रमाब्द २०२६) में 'वेद स्वरूप विमर्श' नामक ग्रन्थ की रचना।

६५.१९७२ ई० (विक्रमाब्द २०२९) में अश्रुत वैदिक ग्रन्थों एवं अनुपलब्ध लुप्तप्राय वैदिक ऋचाओं मंत्रों की उपलब्धि हेतु काशी में ज्योतिष्पती कायाकल्प। जिसमें केवल स्वामी श्रीस्वरूपानन्दसरस्वतीजी ही प्रवेश कर सकते थे।

६६.सन् १९७३ ई० (विक्रमाब्द २०३०) में 'चातुर्वर्ण्य संस्कृति विमर्श' ग्रन्थ का प्रणयन।

६७.१९७३ ई० (विक्रमाब्द २०३०) में श्री स्वामी कृष्णबोधाश्रम ज्योतिष्पीठाधीश्वर का महानिर्वाण एवं श्रीस्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज का ज्योतिष्पीठ-उत्तराम्नाय, बदरिकाश्रम पर अभिषेक सम्पन्न कराया।

६८.१९७३ ई० (विक्रमाब्द २०३८) 'श्रीविद्यारत्नाकर' तान्त्रिक ग्रन्थ की रचना। जिसमें भगवती त्रिपुरसुन्दरी माँ की उपासना का सांगोपांग वर्णन है।

६९.१९७४ ई० (विक्रमाब्द २०३१) में राज्यसाहित्य की पुरस्कार से

सम्मानित।

७०. १९७५ ई० (विक्रमाब्द २०३२) में दार्शनिक एवं राजनीतिक महानग्रन्थ 'विचारपीयूष' की रचना।

७१. १९७६ ई० (विक्रमाब्द २०३३) में आचार्य रजनीश के ग्रन्थ के खण्डन में- 'क्या सम्भोग से समाधि संभव' नामक पुस्तक का प्रणयन।

७२.१९७७ ई० (विक्रमाब्द २०३४) में जर्मन विद्वान फादर कामिल बुल्के द्वारा रचित रामचरित की विकृतियों विसंगतियों के निराकरण हेतु बृहद्ग्रन्थ- 'रामायणमीमांसा' नामक ग्रन्थ की रचना की।

७३.१९७८ ई० (विक्रमाब्द २०३५) में श्री सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय द्वारा डी०लिट्० की उपाधि से सम्मानित।

७४.१९७८ ई० (विक्रमाब्द २०३५) में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित मालवीय भवन में श्री मद्भगवद्गीता एवं श्रीमद्भागवत पर आठ व्याख्यानों की माला प्रस्तुत।

७५.अक्टूबर/नवम्बर १९७८ ई० (विक्रमाब्द २०३५) में कानपुर, झांसी, छपरा, देवधर (बिहार), रांची, दमोह की धर्मयात्राएँ। पुनः दिसम्बर १९७८ ई० (विक्रमाब्द २०३५) में रायबरेली/ शहडोल, कवर्धा, रायपुर, इत्यादि की धर्मयात्राएँ सम्पन्न।

७६.जनवरी/फरवरी १९७९ ई० (विक्रमाब्द २०३५) में ओबरा, मिर्जापुर, हजारीबाग, शहडोल, बिलासपुर, पटना, मुँगेर आदि की धर्म यात्राएँ, मुंगेर में श्रीमद्भागवत पारायण किया।

७७.श्री रामनवमी २०२६ वि० (१९७९ ई०) को काशी में काशी नरेश द्वारा स्वामी जी द्वारा रचित बृहद्ग्रन्थ 'वेदार्थपारिजात' के प्रथमखण्ड का प्रकाशनोद्घाटन के शुभावसर पर धर्मसम्राट का स्वागत।

७८.१९७९ ई० (विक्रमाब्द २०३६) में सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा वाचस्पति की उपाधि से सुशोभित/स्वागत/अभिनन्दन।

७९.१९७९ ई० (विक्रमाब्द २०३६) में ही भारतीय-शिक्षा-परिषद् द्वारा विद्या विश्वविद्यामंदिर का श्री करपात्री जी के नाम पर शिलान्यास सम्पन्न।

८०.मार्च १९७९ ई० (विक्रमाब्द २०३६) में गिरीडीह, हजारीबाग, सासाराम, गोपालगंज, गोरखपुर से वृन्दावन तक की यात्राएँ। अप्रैल १९७९ ई० (विक्रमाब्द २०३६) में (उ०प्र०) गाजियाबाद, मेरठ, बिलासपुर, नरसिंहपुर (म०प्र०), अमृतसर, फतेहपुर (पं०) यात्राएँ।

८१.मई/जून १९७९ ई० (विक्रमाब्द २०३६) में मध्यप्रदेश-कटनी, हरिद्वार, जबलपुर, कवर्धा, जमशेदपुर की यात्राएँ तथा मेरठ दण्डी आश्रम में ब्र०ली०ज०श० श्री कृष्णबोधाश्रम स्मृतिग्रन्थ "जगद्गुरुगौरव" की प्रति पर आशीर्वाद अंकित कर लेखक को प्रदान एवं श्रद्धांजलि अर्पण। महाराज विमोचन के अवसर पर नहीं पधार सके थे।

८२.अगस्त १९७९ ई० (विक्रमाब्द २०३६) काशी में चातुर्मास्यव्रतानुष्ठान वेदानुसन्धान संस्थान, केदारघाट में स्थापित। रामायणीमांसा विशालग्रन्थ का पुरी पीठाधीश्वर द्वारा विमोचन सम्पन्न। 'श्री विद्यावरिवस्या' नामक संस्कृत ग्रन्थ का प्रकाशन। गंगादशहरा के पवित्र अवसर पर रामकृपेश्वरमहादेव एवं देवपञ्चायतन मंदिर की प्रतिष्ठा तथा काशी नागरी प्रचारिणी सभा के पंचशती समारोह का करपात्री जी द्वारा उद्घाटन।

८३.सितम्बर १९७९ ई० (विक्रमाब्द २०३६) में रावतसर राजस्थान में आयोजित यज्ञानुष्ठान में सप्ताह भर प्रवचन।

८४.सन् १९८० ई० (विक्रमाब्द २०३७) में 'वेदार्थ पारिजात' के द्वितीय खण्ड का विमोचन। रामायणीमांसा ग्रन्थ पर हनुमान ट्रस्ट कलकत्ता द्वारा पांच सहस्र मुद्राओं के पुरस्कार से सम्मानित।

८५.दिसम्बर १९७९/जनवरी १९८० में रा०रा० परिषद् के लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचारार्थ- इलाहाबाद/ प्रतापगढ़/ लखनऊ/ जालौन/ हमीरपुर/ बांदा/ कानपुर/ कालपी/ उरई/ दुर्ग/ राजनांदगांव/ दिल्ली / बिकानेर/ चुरू/ सिरसा/ भिवानी/ आरा इत्यादि जगहों में चुनावी सभाओं को सम्बोधन। ओपा, सीवान (बिहार) में यज्ञानुष्ठान।

८६.२७.०१.८० ई० (विक्रमाब्द २०३६) को चन्दौली में श्री स्वामी अखण्डानन्द सरस्वती जी संस्थान जयन्ती महोत्सव का करपात्री जी द्वारा उद्घाटन सम्पन्न।

८७.०५.०२.१९८० (विक्रमाब्द २०३६) में अ०भा० धर्मसंघ के प्रथम प्रधानमंत्री मानस राजहंस श्री पं० विजयानन्द त्रिपाठी शताब्दी समारोह का

काशी में उद्घाटन।

८८.०८.०२.८० ई० (विक्रमाब्द २०५६) को उ०प्र० रामराज्यपरिषद् के उन्नाव अधिवेशन को शुभाशीर्वाद/प्रवचन/ओबरा (मिर्जापुर) में मानस सम्मेलन में प्रवचन।

८९.फरवरी १९८० ई० में कालाकांकर यज्ञ में प्रवचन।

११.०२.८० से १४.०२.८० (विक्रमाब्द २०३६) तक जनकपुर तथा बिहार के अनेक स्थानों की यात्रा-प्रवचन/शिवरात्रि-दरभंगा में वहाँ कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय में वेद भवन का शिलान्यास/फतेहपुर यज्ञ में प्रवचन/ होलाष्टक-वृन्दावन में प्रवचन।

९०.मार्च १९८० ई० (विक्रमाब्द २०३६) में भाटपाररानी (देवरिया) से मदन मोहन मालवीय शिक्षण संस्थान में दीक्षान्त समारोह में प्रधान अतिथि पद से उद्बोधन व्याख्यान, नवरात्र सीवान में सम्पन्न।

९१.रामनवमी/१९८० ई० (विक्रमाब्द २०३६) में अयोध्या में लक्ष्मण किला में इष्टदेवाराधन।

९२.मार्च १९८० ई० (विक्रमाब्द २०३६) में सासाराम बिहार में आयोजित मानस सम्मेलन में प्रवचन।

९३.४ से १३.०४.१९८० ई० (विक्रमाब्द २०३७) तक हरिद्वार महाकुम्भ स्नान, सत्संग, धर्मप्रचार ज्वरग्रस्त होने पर भी संक्रान्तिस्नान, प्रातः भ्रमणादि यथावत् सम्पन्न।

सप्तसरोवर हरिद्वार स्थित भूमानिकेतन में नूतन सत्संग भवन का उद्घाटन।

९४.२० अप्रैल १९८० ई० (विक्रमाब्द २०३७) को पाली (राजस्थान) में यज्ञानुष्ठान, प्रवचन तथा २१ अप्रैल को ब्यावर (राज०) में सत्संग भवन को उद्घाटन, समारोह में शुभाशीर्वाद।

९५.२२.०४.८० ई० (विक्रमाब्द २०३७) को धर्मसंघ दिल्ली में धर्मसंघ समिति को उद्बोधन।

९६.२३ से ३० अप्रैल १९८० ई० (विक्रमाब्द २०३७) को उज्जैन पूर्ण-कुम्भ स्नान, प्रवचनादि।

९७.१० मई से २० मई १९८० ई० (विक्रमाब्द २०३७) तक राम राज्यपरिषद के विधानसभा के प्रत्याशियों के पक्ष में कवर्धा रायपुर, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर में सभाएँ प्रवचन।

९८.६ जून १९८० ई० (विक्रमाब्द २०३७) को हजारीबाग-बिहार में रामचरित मानस-यज्ञ में प्रवचन।

९९.जुलाई १९८० ई० (विक्रमाब्द २०३७) के तृतीय पक्ष में गोवर्धनपुरी (उड़ीसा) में आयोजित अ०भा० धर्मसंघ प्रशिक्षण शिविर एवं अ०भा० रामराज्य परिषद के ३६वें महाधिवेशन में पधार कर आशीर्वाद प्रदान किया।

१००.सितम्बर, १९८० ई० (विक्रमाब्द २०३७) में श्रीकृष्णबोध दण्डी आश्रम, मेरठ में मूर्त्ति स्थापना समारोह में पधार कर कई दिन तक प्रवचन, भक्तों को पृथक्-पृथक् प्रसाद वितरण, शुभाशीर्वाद। २८.०९.८० को सामूहिक चित्र खिंचवाकर कृतार्थ किया। इस अवसर पर भव्य आयोजन हुआ। अ० श्रीविभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी १००८ श्रीस्वामी विष्णु आश्रम जी, १००८ श्रीस्वामी निश्चलानन्द सरस्वती जी, १००८ श्री स्वामी चिन्मयानन्द सरसवती जी, श्री आत्मचैतन्य ब्रह्मचारी व अन्य अनेक महात्मा गण भी विराज रहे थे। धर्म सम्राट का मेरठ में यह अन्तिम प्रयास था। तत्पश्चात् काशी प्रस्थान।

१०१.सन् १९८१ ई० (विक्रमाब्द २०३८) कानपुर परेड मैदान में रास पंचाध्यायी के प्रवचनों के चौथे दिवस रुग्ण होकर काशी प्रस्थान (कार द्वारा) अचेतनावस्था (समाधि) में इक्कीस दिन तक समाधिस्थ। २१वें दिन नेत्र खुलते ही पूछा 'हम कहाँ हैं'? काशी में सुनकर सन्तोष अभिव्यक्त।

१०२.०७.०२.१९८२ ई० (विक्रमाब्द २०३८) को रविवार चतुर्दशी की पुष्यनक्षत्र में गंगास्नानोपरान्त करपात्रधाम स्थित वेदानुसंधान केन्द्र के कक्ष में शिव-शिव-शिव नामोच्चारण पूर्वक ब्रह्मलीन तथा ०९.०२.१९८२ ई० को केदारघाट पर श्रीगंगामहारानी की गोद में पार्थिव देह पुरी पीठाधीश्वर श्री स्वामी निरंजनदेव तीर्थ द्वारा पत्थर की पेटिका में जलसमाधि दी गयी।

चातुर्मास्य में प्रायः वाराणसी में ही निवास करते थे। भगवान् विश्वनाथ का धाम उन्हें अत्यन्त ही प्रिय था। 'काशीखण्ड' केदारखण्ड के माध्यम से काशी की महिमा व्यक्त करते हुए कभी वे अघाते नहीं थे। शास्त्रवचनों और अकाट्य युक्तियों के द्वारा काशीमरण से मुक्ति लाभ का प्रतिपादन उत्साह पूर्वक करते थे। श्री सुरेश्वराचार्य द्वारा विरचित 'काशीमोक्षनिर्णय' के अनुसार भैरवीयातना आदि की स्वल्पकालीन प्रतीति तथा 'शिवप्रदत्तमुक्तिज्ञान से मुक्ति' का जो रहस्य पूर्ण विवेचन वह करते थे वह सुनते ही बनता था। काशीमहात्म्य के सम्बन्ध में स्वामी जी श्रीमद्भागवत और रामचरितमानस, विनय पत्रिका का भी भक्तिभाव पूर्वक उल्लेख किया करते थे-

'निम्नगानां यथागङ्गा देवानामच्युतो यथा।
वैष्णवानां यथा शम्भुः पुराणानामिदं तथा।।
क्षेत्राणां चैव सर्वेषां यथाकाशी ह्यनुत्तमा।
तथा पुराणव्रातानां श्रीमद्भागवतं द्विजाः।।' (भाग० १२/१३/१६-१७)

जोगति अगम महामुनि गावहिं। तवपुर कीट पति गहु पावहिं।।
जो गति अगम महामुनि दुर्लभ कहहि साधु श्रुति सकल पुरान।
सोगति मरनकाल अपनेपुर देतसदाशिव सबहिं समान।।
मुक्ति जन्म महि जानि ग्यान खानि अघ हानि कर।
जहं बस संभु-भवानि सो काशी सेइअ कस न।।

वे काशी की महिमा ही करते हों, ऐसी बात नहीं थी अपितु ज्योंहि सन् १९७८ ई० में राजस्थान धर्मयात्रा में स्वास्थ्य खराब हुआ त्यों हि शीघ्रातिशीघ्र काशी पहुँचने की भावना व्यक्त की और काशी पहुँचने पर जब केदारघाट लाये गये तब सचेत होते ही कहा- 'हम कहाँ हैं'? महाराज काशी में, वाक्य सुनते ही पुनः प्रसन्नता पूर्वक नेत्र बन्द करके काशी विश्वनाथ के ध्यान में मग्न हो गये और भगवत्कृपा से शीघ्र ही स्वस्थ हो गये।

जिस तरह नित्यमुक्त सदाशिव को काशी अत्यन्त प्यारी है उसी तरह शिवरूप स्वामी श्रीकरपात्री जी को भी। परन्तु श्री अयोध्या, श्री वृन्दावन आदि

में प्रेम उनका कम हो-ऐसी बात भी नहीं थी। श्री रामनवमी के अवसर पर श्री अयोध्या में, होली के अवसर पर श्री वृन्दावन धाम में, सूर्य ग्रहण के अवसर पर कुरुक्षेत्र में और गंगा दशहरा के अवसर पर हरिद्वार में, श्री महाकुम्भों के अवसर पर तीर्थराज प्रयाग-उज्जैन-हरिद्वार आदि में निवास श्री करपात्री जी की 'धामनिष्ठा' का प्रतीक था।

गले में रुद्राक्ष के साथ भैरव जी का गण्डा और तुलसीमाला भी सुशोभित रहती थी। थोड़ा भी अवकाश मिला नहीं कि तुलसी की माला हाथ में होती और जप चलता रहता था। श्री अयोध्या, श्री वृन्दावन और गोवर्धन पहुँचते ही वहाँ के रसिक सन्तों से पद सुनना नामनिष्ठों से सम्भाषण करना और ऐसा करते हुए फुले न समाना- यह थी उनकी **'नाम-निष्ठा'**।

विविध त्योहारों, उत्सवों पर भगवान् की झाँकी सजाना, उन्हें स्वयं झूला-झुलाना, गणेशपूजन, शिवपूजन, वामन पूजन, धन्वन्तरिपूजन करना, अनन्तचतुर्दशी, ऋषि-सप्तमी का त्योहार मनाना, छोटे से रामकृपेश्वर मंदिर में केदारघाट वाराणसी में अपने करकमलों से भगवान् शिव, पार्वती, गणेश, सूर्य, त्रिपुरसुन्दरी, राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीता, हनुमान, श्री राधा कृष्ण और नन्दी की स्थापना और भोग-राग का पूरा ध्यान-यह थी उनकी- **'रूपनिष्ठा'**।

श्री राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, लक्ष्मीनारायण, सीता-राम की लीलाओं को सुनते और सुनाते हुए विह्वल हो जाना- यह थी उनकी- **'लीला-निष्ठा'**।

चातुर्मास्य के सन्दर्भ में प्रायः आठ बजे से मध्याह्न बारह बजे तक यतियों, विद्वानों, ब्राह्मणों, विद्यार्थियों को 'प्रस्थान-त्रयी', 'मीमांसा', 'न्याय', 'तन्त्र', 'वेद', अत्यन्त उत्साह के साथ पढ़ाते रहना यह था उनका **'विद्याप्रेम', 'शास्त्रनिष्ठा', 'सम्प्रदाय संरक्षण'**, की सक्रिय प्रक्रिया और शिक्षा।

प्रातः तीन बजे से साढ़े पाँच बजे तक भ्रमण करते समय स्तोत्र पाठ करते रहना- यह थी स्वास्थ्यलाभ को स्वरूपस्थिति और परमार्थ के संलग्न रखना।

फलासक्ति, अहंकृति और कर्मासक्ति से रहित होते हुए भी कृति और उत्साह पूर्वक वैदिक धर्म संस्कृति के लिए अहर्निश संलग्न रहना- यह थी उनकी कर्मयोग की सक्रिय शिक्षा।

कर्तृत्व, भोक्तृत्व, अहंकार, अभिनिवेश, और नानात्वबुद्धि से रहित होते हुए भी विविध क्रिया कलापों में संलग्न रहना- यह था- 'कर्मण्यकर्म यः पश्येत्' कर्मों में

तात्विक अकर्म की प्रतिष्ठा का स्वरूप।

दर्शन में अद्वैत, आराधना में द्वैत, व्यवहार में वर्णाश्रम के समन्वय को देखते हुए यह कहे बिना नहीं रहा जाता कि श्रीकरपात्र स्वामी जी मूर्तिमान, वेद ही थे, जिनके देवतुल्य पवित्र शरीर का दर्शन विश्वनाथ की नगरी काशी में करके असंख्य नर-नारियों ने अपने जीवन को धन्य किया। वे यावज्जजीवन, त्याग, वैराग्य, पाण्डित्य, ज्ञान, भक्ति, धर्म और भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति के सर्वोच्च शिखर पर विराजमान रहकर इस अध्यात्म प्रधान धर्मप्राण सनातन-पुरातन राष्ट्र भारत के कोटि-कोटि नर-नारियों को धार्मिक मर्यादाओं के संरक्षण की सक्रिय प्रेरणा देते रहे।